# MEDIA COVERAGE
# SEPTEMBER, 2022

**DAINIK JAGRAN**

**04.09.2022**

**BHOPAL**

राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम 34.1°c न्यूनतम 24.7°c
आज दिनभर बादल छाएंगे और कहीं-कहीं बारिश होगी।

राजधानी जागरण

दैनिक जागरण
भोपाल, 04 सितम्बर 2022
02

11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

SUNDAY www.djmp.in/epaper

## अगले साल सितंबर में होगा मेट्रो का ट्रायल रन, रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच दौड़ेगी

### मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने किया निरीक्षण व रिव्यू



जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। राजधानी में प्रायोरिटी कॉरिडोर यानि सुभाष नगर फाटक से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो का ट्रायल रन अगले साल सितंबर में होगा। यह करीब पांच किमी लंबा रूट होगा। नगरीय प्रशासन कमिश्नर व मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने इस रूट से जुड़े सभी कार्य अगले साल जुलाई तक पूरे करने की समय सीमा तय की है।

एमडी श्रीवास्तव शनिवार को मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने सबसे पहले सुभाष नगर में निर्माणाधीन डिपो की प्रगति की समीक्षा की। हर बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। कान्ट्रेक्टर एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य करते समय मेट्रो साइट के आसपास सभी सुरक्षा मापदंडों का सख्ती से पालन हो, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके बाद प्रबंध संचालक ने प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सुभाष नगर डिपो, सुभाष नगर स्टेशन, केन्द्रीय विद्यालय स्टेशन, डीबी मॉल स्टेशन, हबीबगंज एवं एम्स मेट्रो स्टेशन का कार्य देखा। स्टेशन निर्माण का जिम्मा यूआरसी कंपनी को दिया गया है। मौजूदा स्थिति में तीन स्टेशन का कार्य शुरू हो चुका है।

प्रोजेक्ट में आ रही दिक्कतें भी सुनीं। इनका मौके पर ही निराकरण किया। ठेकेदार एजेंसी और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर मेट्रो के निदेशक परियोजना अजय शर्मा, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक याईसी शर्मा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### एलिवेटेड रूट का 80 फीसदी से अधिक काम पूरा

राजधानी में सुभाष नगर फाटक से एम्स के बीच मेट्रो के एलिवेटेड रूट का करीब 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। अब लाइन बिछाने, कोच सहित अन्य कार्य किए जाना है। एम्स से करोंद तक मेट्रो का पहला रूट है। इसके आधे हिस्से यानि एम्स से सुभाष नगर फाटक तक जमीन के ऊपर रूट बनाने का काम दिलीप बिल्डकॉन को सौंपा गया। यह करीब साढ़े छह किमी लंबा होगा। मौजूदा स्थिति में इसका 80 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है। पहले रूट पर आठ स्टेशनों का निर्माण कार्य पिछले साल नवंबर में शुरू हो गया है। यहां मेट्रो प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण हिस्से डिपो का निर्माण स्टड फार्म और आसपास की करीब 80 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। यहां न केवल मेट्रो रेल पार्क होंगी बल्कि उनका मेंटेनेंस भी होगा। इसका निर्माण सितंबर, 2023 पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मेट्रो के लिए बिजली सप्लाई के लिए वर्क ऑर्डर जारी हो गए हैं। रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और दूरसंचार की प्रणाली का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। लिफ्ट, एस्केलेटर और विभिन्न ट्रैक सामग्री की सप्लाई के लिए भी टेंडर हो चुके हैं।

02

**FREE PRESS**

**04.09.2022**

**BHOPAL**

# MPMRCL MD inspects Metro Rail sites

OUR STAFF REPORTER
City.bhopal@fpj.co.in

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMR-CL) managing Director Nikunj Shrivastava instructed officials and contractors to complete project corridor on time. He visited sites to view progress of metro project on Saturday.

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan has directed to complete the project of Metro Rail by September 2022, MD Shrivastava said, adding, that contractors and officials should work accordingly.

He visited Subhash Nagar depot, Subhash Nagar station, Kendriya Vidyalaya station, DB Mall station, Habibganj station and AIIMS station.

03

**RAJ NEWS NETWORK**
**04.09.2022 BHOPAL**

# मेट्रो का सितंबर में कंट्रक्शन काम पूरा करने का टॉरगेट

भोपाल (आरएनएन)। मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडार का काम सितंबर में पूरा करना होगा। यह टॉरगेट मेट्रो के एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने दिए। शनिवार को एमडी निकुंज श्रीवास्तव कॉरिडार का जायजा लेने पहुंचे, जहां मेट्रो के अधिकारियों और टेक्निकल टीम से मिले। वहीं पूरे प्लान का ले-आउट भी देखा। इसके बाद टेक्निकल टीम की मीटिंग लेते हुए साईट भी देखी।

शनिवार को निकुंज श्रीवास्तव सबसे पहले सुभाष नगर डिपो पहुंचे। जहां वर्तमान में चल रहे निर्माण की समीक्षा करते हुए हर एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। वहीं कान्ट्रैक्टर और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण के दौरान मेट्रो साईट के आस-पास सभी सुरक्षा मापदंडों का ध्यान रखें। फिर अपनी टीम के साथ प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत मेट्रो स्टेशन के निर्माण का जायजा लिया।

सुभाष नगर डिपो, सुभाष नगर स्टेशन, केन्द्रीय विद्यालय स्टेशन, डीबी मॉल स्टेशन, हबीबगंज स्टेशन और एम्स मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। साईट ऑफिस में कान्ट्रैक्टर और अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो लक्ष्य तय किया है, उसके मुताबिक सितंबर 2022 से पहले सभी काम पूरे करें। इस दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा, निदेशक परियोजना शोभित टंडन, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी वाईसी शर्मा, महाप्रबंधक और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**NAI DUNIYA**

**04.09.2022**

**BHOPAL**

# 'समय से पहले पूरा करें मेट्रो का काम यातायात की करें बेहतर व्यवस्था'

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** मेट्रो के निर्माण कार्य में गति लाएं एवं निर्धारित समय से पहले कार्यों को पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लक्ष्य तय किया है कि सितंबर 2022 से पहले कार्य को पूरा कर लिया जाए। मध्यप्रदेश की जनता को बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षित, विश्वसनीय, प्रभावी और किफायती यातयात की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यह बात प्रबंध संचालक निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को कही। उन्होंने प्रयोरिटी कारिडोर के तहत मेट्रो के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

**समीक्षा कर हर बिंदु पर विस्तार से चर्चा की :** निकुंज श्रीवास्तव ने सुबह 11 बजे सुभाष नगर डिपो में निर्माण कार्यों की समीक्षा की और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कांट्रैक्टर और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य करते समय मेट्रो साइट के आसपास सभी सुरक्षा मापदंडों का सख्ती से पालन किया जाए। जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। बैठक के बाद उन्होंने टीम के साथ सुभाष नगर डिपो, सुभाष नगर स्टेशन, केंद्रीय विद्यालय स्टेशन, डीबी माल स्टेशन, हबीबगंज स्टेशन एवं एम्स मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने कांट्रैक्टर को आ रही कठिनाइयों और परेशानियों को भी सुना एवं उनका मौके पर ही निदान कर दिया। निरीक्षण करने वाली टीम में मेट्रो के परियोजना निदेशक अजय शर्मा, तकनीकि निदेशक शोभित टंडन, महाप्रबंधक वाइसी शर्मा एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**न्यायालय-माननीय अति. प्रधान न्यायाधीश (श्री भारत सिंह रावत) कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर**

प्रकरण क्रमांक- 2030/21 एम.जे.सी.आर. ग्वालियर दिनांक

श्रीमती आरती शर्मा ...... आवेदिका

**TIMES OF INDIA**
**04.09.2022**

**BHOPAL**

# With a yr for Metro to start, MD inspects work

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** With exactly a year to meet the deadline to commence Bhopal Metro, newly appointed managing director (MD), Nikunj Shrivastava undertook a ground level assessment of the progress on Saturday.

By September 2023, Bhopal metro priority corridor is envisaged to begin operation. Shrivastava along with Bhopal metro officials visited the construction site beginning at Depot which is at Stud Farms, in Arera Hills.

Shrivastava reviewed the construction works at Subhash Nagar depot at 11 am and discussed in detail the modalities of the project progress. The 7 km under corridor development is priority. Going by government dashboard and information in public domain, overall 40.02% is the progress of contracted civil works package while 6.225 km of viaduct work is 80% complete. Work order has been placed for construction of 8 stations of the priority corridor.



Officials led by MD, Nikunj Shrivastava inspect the Metro work underway

Shrivastava directed officials that all the safety norms should be followed and citizens should not face any kind of difficulty.

Subhash Nagar Depot, Subhash Nagar Station, Kendriya Vidyalaya Station, MP Nagar, Habibganj station and AIIMS Metro station were also inspected. Senior metro officer Ajay Sharma, director (projects), Shobhit Tandon, additional director (technical), Y C Sharma, general manager were present.

**PRADESH TIMES**
**04.09.2022**

**BHOPAL**

# प्रदेश टाइम्स

## नगरीय प्रशासन आयुक्त ने किया प्रायोरिटी कॉरिडार का दौरा

### प्रबंध संचालक एवं मेट्रो के अधिकारी रहे मौजूद

नगर प्रतिनिधि



भोपाल। मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन आयुक्त निकुंज कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रबंध संचालक एवं मेट्रो के अधिकारियों के साथ प्रायोरिटी कॉरिडार के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। श्री श्रीवास्तव ने सबसे पहले सुबह 11 बजे सुभाष नगर डिपो में निर्माण कार्यों की समीक्षा की एवं हर एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की तथा कान्ट्रेक्टर एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य करते समय मेट्रो साईट के आस-पास सभी सुरक्षा मापदण्डों का सख्ती से पालन हो, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके बाद प्रबंध संचालक ने अपनी टीम के साथ प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके तहत सुभाष नगर डिपो, सुभाष नगर स्टेशन, केन्द्रीय विद्यालय स्टेशन, डी.बी. मॉल स्टेशन, रानीकमलापति स्टेशन एवं एम्स मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रबंध संचालक ने साईट आफिस में कान्ट्रेक्टर एवं अधिकारियों के साथ बैठक की एवं इस बात से भी अवगत कराया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो लक्ष्य तय किया है कि सितंबर, 2022 से पहले कार्य को पूर्ण कर लिए जाएं एवं मध्य प्रदेश की जनता को बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षित, विश्वसनीय, प्रभावी एवं किफायती यातायात की सुविधा मुहैया करवाई जाए। इसी दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में कान्ट्रेक्टर को आ रही कठिनाईओं परेशानियों को भी सुना एवं उनका मौके पर ही निदान किया तथा कान्ट्रेक्टर एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गति लाएं एवं निर्धारित समय से पहले कार्यों को पूर्ण किया जाए। इस मौके पर उनके साथ मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा, निदेशक परियोजना शोभित टंडन, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी वाई.सी. शर्मा, महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

07

**PATRIKA**

**04.09.2022**

**BHOPAL**

# एक साल के भीतर चलेगी मेट्रो, सितंबर में करना होगा पूरा काम

**भोपाल @ पत्रिका.** मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर एम्स से सुभाष नगर के बीच चल रहे निर्माण कामों को देखने एमडी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन निकुंज श्रीवास्तव ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों को सभी काम सितंबर 2023 से पहले पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, एक साल में मेट्रो शुरू हो जाए, इसे सुनिश्चित करें। श्रीवास्तव ने सबसे सुभाष नगर डिपो में निर्माण कार्यों की समीक्षा की। ठेकेदार और अफसरों को हिदायत दी कि निर्माण के दौरान प्रोजेक्ट साइट के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। वे सुभाष नगर डिपो के साथ सुभाष नगर स्टेशन, केन्द्रीय विद्यालय स्टेशन, एमपी नगर स्टेशन, हबीबगंज स्टेशन व एम्स मेट्रो स्टेशन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट से जुड़े अफसर अजय शर्मा, शोभित टंडन, वाइसी शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

**PATRIKA**
**29.09.2022**
**BHOPAL**

# मेट्रो रूट तैयार, फ्लाय ओवर के पिलर्स का काम तेजी से जारी



**भोपाल.** राजधानी में तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। बोर्ड ऑफिस से मैदा मिल तक मेट्रो के रूट का काम लगभग पूरा हो गया है। वहीं फ्लाय ओवर के पिलर्स बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इससे यहां यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। क्योंकि जिन्हें एमपी नगर में जाना होगा वे ही नीचे वाले रास्ते से आएंगे। जिन लोगों को सीधे निकलना होगा वे सावरकर सेतु से उतरकर गणेशमंदिर से ही इस फ्लाय ओवर पर चलते हुए सीधे मैदा मिल पर पहुंच जाएंगे। उन्हें किसी भी सिग्नल पर रूकने की जरूरत नहीं होगी।